आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 27.03.2025
समय 720

मुख्य समाचार :–

- सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने महिलाओं को सहकारिता आंदोलन से जोड़कर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया।
- लोकसभा ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक–2025 पारित किया।
- बैंक और वाटर एटीएम की तर्ज पर टिहरी जिले के तीन अस्पतालों में स्थापित हेल्थ एटीएम में 80 तरह की पैथोलॉजी जांचें हो सकेंगी।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउस में अबतक चार करोड़ रुपये से अधिक की बुकिंग हुई।

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि महिलाओं को सहकारिता आंदोलन से जोड़कर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना होगा। डॉ. रावत अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 के अवसर पर आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाएं, सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र की नींव हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सहकारिता के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

इस बीच, सहकारिता मंत्री ने ग्रामीण सहकारी बैंकों के संस्थागत विकास के संबंध में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक– नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सहकारी बैंकों को और अधिक सुविधाजनक बनाने, राष्ट्रीयकृत बैंकों की तर्ज पर उपभोक्ताओं को सुविधाएं प्रदान करने और बैंकों का पूर्ण डिजिटलीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सहकारी बैंकों को आधुनिक तकनीक से लैस करके काश्तकारों, किसानों, लघु उद्यमियों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करनी हैं।

## त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय

लोकसभा ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पारित कर दिया है। विधेयक में ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आणंद को एक विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने का प्रावधान है। इसे त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाएगा और इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया जाएगा। यह संस्थान सहकारी क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा तथा प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा और स्वरोजगार तथा छोटे उद्यमियों के विकास में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से सहकारी क्षेत्र में नवाचार तथा अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

## त्रिस्तरीय पंचायत

रुद्रप्रयाग जिले में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सफलतापूर्वक और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन की सभी आवश्यक तैयारियों और व्यवस्थाओं के मद्देनजर विभिन्न विभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि नामित सभी नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों को अपने—अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बहुउद्देशीय शिविर

प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लोहाघाट रामलीला मैदान में जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 15 से अधिक विभागों ने स्टॉलों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जबकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। समान नागरिक संहिता स्टॉल के माध्यम से विवाह पंजीकरण भी किए गए।

## स्वास्थ्य विभाग

स्वास्थ्य विभाग ने क्षय रोग उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए रुद्रप्रयाग जिले को राज्य स्तर पर सम्मानित किया है। 'विश्व क्षय रोग दिवस' के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग रुद्रप्रयाग को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रुद्रप्रयाग में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया गया। जिसके तहत टीबी मुक्त अभियान में विभिन्न मानकों पर बेहतर प्रदर्शन के लिए रुद्रप्रयाग को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया है।

हेल्थ एटीएम

बैंक और वाटर एटीएम की तर्ज पर स्वास्थ्य विभाग, टीएचडीसी के सहयोग से टिहरी जिले के तीन अस्पतालों में हेल्थ एटीएम शुरू करने जा रहा है। जिला अस्पताल बौराड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छाम–कंडीसौड़ और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी में ये हेल्थ एटीएम मशीनें लगाई गई हैं। इन एटीएम से मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्याम विजय ने बताया कि इन हेल्थ एटीएम के जरिए आम आदमी की 80 तरह की पैथोलॉजी जांचें हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि मशीनें लगने से अस्पताल की लैब में कार्यभार भी कम होगा।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में आगामी 30 अप्रैल से शुरू हो रही चार धाम यात्रा को लेकर देश–विदेश के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण के साथ ही श्रद्धालु गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउस में बुकिंग भी करा रहे हैं। गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विशाल मिश्रा ने बताया कि अब तक चार करोड़ रुपये से अधिक की बुकिंग हो चुकी है, जिसके आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है।

इसके अलावा मंदिर प्रशासन के साथ ही जिला प्रशासन भी यात्रा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा है। यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही यात्रा को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारियों में जुटे हैं।

गुलदार का हमला

चंपावत जिले के बनबसा में चारा लेने गई मझगांव गांव की महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। गुलदार के हमले में महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। टनकपुर के तहसीलदार जगदीश गिरी ने बताया कि मृतक के परिजनों को जल्द ही नियमानुसार राहत राशि दी जाएगी और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

स्कूल बैग का वजन

हरिद्वार जिले में एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों के स्कूल बैग का वजन तय कर दिया गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने जिले के सभी स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को बैग वजन नीति का उल्लंघन न हो, इसके निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्हें औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

पर्यटन गांव

रूद्रप्रयाग जिले के पर्यटन गांव सारी में ग्यारह दिवसीय रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला में सभी पात्रों में अभिनय महिलाओं की ओर से किया जा रहा है। सारी गांव के ओमकार दूधाधारी शिव नारायण मंदिर में शुरू हुए रामलीला का शुभारंभ करते हुए केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि भगवान श्री रामचंद्र के संघर्षो से हर मनुष्य को प्रेरणा लेकर जीवन पथ पर अग्रसर होना चाहिए।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

भूपेश बधेल के घर पर सीबीआई के छापे की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– महादेव ऐप घोटाले में भूपेश बधेल के आवास पर छापा। दैनिक जागरण ने लिखा है– महादेव सट्टा मामले में पूर्व सीएम भूपेश बधेल के आवास पर छापे।

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के गुलरघाटी स्थित खाद्य निगम के गोदाम के निरीक्षण की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। हिंदुस्तान लिखता है– सरकारी गोदाम में कई कुंतल खराब अनाज मिला। इसी खबर पर राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र ने लिखा है– डीएम ने खाद्य गोदाम का किया औचक निरीक्षण, गोदाम में मिली कईं खामियां।

देहरादून में उद्यमी कान्क्लेव की शुरूआत पर दैनिक जागरण लिखता है– धरातल पर उतरे 90 हजार करोड़ रूपये के करार।